## संक्षिप्त

### सांसद का स्वागत किया

**दूदू, (निसं)।** क्षेत्रीय सांसद भागीरथ चौधरी का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दूदू पुलिया के नीचे भव्य स्वागत किया गया। चौधरी बुधवार की सुबह अजमेर से जयपुर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष के नव नियुक्ति के बाद पदभार ग्रहण करने जा रहे थे। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राजनारायण शर्मा, महामंत्री नारायण धाभाई, प्रधान उगन्ता सुकरिया, उपप्रधान रामनगर अहलावत, पुरूषोतम स्वामी , दिलीप कुमावत, बिरदी चन्द अहलावत सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पायलट आज निवाई में

**निवाई, (निसं)।** गुरुवार को दोपहर 2 बजे पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का पूर्व विधायक कमल बैरवा के नेतृत्व में ट्रक यूनियन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। पूर्व विधायक कमल बैरवा ने बताया कि पूर्व उप मुख्यमंत्री व पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट का विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे को लेकर टोंक में कार्यकर्ताओं रूबरू होगें। जिस पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ट्रक यूनियन पर सैकडों कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

### आई फ्लू का संक्रमण बढ़ा

**दूदू, (निसं)।** क्षेत्र के अधीन कस्बे व गांवों में आई फ्लू व अन्य बीमारियों का प्रकोप लगातार बढ़ने से अस्पतालों व नीम-हकीमों के मरीज की संख्या बढ़ने लगी हैं। क्षेत्र में आई फ्लू का संक्रमण एक-दूसरे के संपर्क में आने पर बढ़ रहा है। इसलिए बालक बालिकाओं को ज्यादा शिकार होना पड़ रहा है। चिकित्सक डॉ. सुरेश मीणा का कहना है कि आई फ्लू के मरीजों को डॉक्टर की सलाह के बिना आंखों में दवा नहीं डालनी चाहिए तथा बार-बार आंखों को नहीं छुए, गर्म पानी से आंखों को धोकर साफ करें।

### भागीरथ चौधरी को बधाई दी

**कोटपूतली, (निसं)।** वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने बुधवार को राजधानी जयपुर पहुंचकर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी को बधाई दी। इस मौके पर कसाना ने उन्हें प्रदेशाध्यक्ष बनाये जाने पर पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। साथ ही चौधरी समेत ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चम्पा लाल गैदर के कार्यभार ग्रहण में भाग लेते हुए शुभकामनायें प्रेषित की।

# उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने पावटा-प्रागपुरा पालिका पर की तालाबंदी


मांगों का समाधान नहीं होने पर उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने नगर पालिका पर ताला लगा दिया।

**पावटा, (निसं)।** जिम्मेदार अधिकारियों का अभाव सह रही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका को अपने ही उपाध्यक्ष सहित पार्षदों का विरोध सहन करना पड़ रहा है। जिसे लेकर बुधवार को उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने सुबह साढे दश बजे ही पालिका पर ताला लगा दिया।

पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में जन समस्याओं के मुद्दे पर खुद पार्षद और उपाध्यक्ष ही नाराज हैं। पालिका उपाध्यक्ष

- आम सभा की बैठक आहूत करने, पट्टे जारी करने, जनता द्वारा चुने उपाध्यक्षों व पार्षदों की अनदेखी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर की तालाबंदी

व पार्षदों ने पिछले दिनों पालिका के अधिकारियों को चेतावनी दी थी कि अगर समय रहते पार्षदों व जन समस्याओं का निराकरण नहीं होगा तो ताला लगा दिया जाएगा। अधिकारियों ने इस चेतावनी को हल्के में लिया और नतीजतन बुधवार को तालाबंदी हो गई। पार्षदों ने आरोप लगाया कि आम सभा की बैठक, क्षेत्र में सफाई, रोड लाइट्स, जनता द्वारा चुने उपाध्यक्षों व पार्षदों की अनदेखी, वार्ड संबंधित कार्यो, पट्टा वितरण, जरूरी दस्तावेज सहित पालिका कार्यालय में आम आदमी का काम नहीं हो रहा। आरोप है कि भ्रष्टाचार के चलते आम आदमी परेशान है। बिना उपाध्यक्षों व पार्षदों की सहमति से अपने चहेतों को टेंडर जारी करने, पालिका द्वारा किये गए कार्यो व खर्चो का विवरण सहित विभिन्न मांगों के के पूरा नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन कर पालिका के गेट पर ताला जड दिया। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष अशोक सैनी, नरपत सिंह, पार्षद मिंटू शर्मा, मनीष निमोरिया, संजय सैन, विजय गुप्ता ने बताया कि पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के समस्त पार्षदों द्वारा अपनी न्यायोचित मांगों व जनता की भलाई के लिए किये जाने वाले कार्यो को लेकर पूर्व में पालिका परिसर मे धरना दिया गया था। जिसको लेकर पालिका अधीशासी अधिकारी मनीषा यादव द्वारा लिखित में दी गई मांगों पर 15 दिवस मे पूरा करने का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तक उन पर किसी तरह का कोई अमल नहीं हुआ। यहां तक कि एक साल से आम सभा की बैठक भी नहीं हो पा रही है। जिसे लेकर कई बार ज्ञापन व धरना भी दिया गया है। लेकिन केवल आश्वासन के कुछ भी नही मिला। जिस पर उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी ने मौके पर आकर समझाइस करवाते हुए विधानसभा सत्र के समाप्त होते ही आम सभा की बैठक आहूत करने, पट्टों का जल्दी ही निस्तारण करने व उपाध्यक्ष सहित समस्त पार्षदों की मांगों को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से बात कर न्यायोचित निर्णय लेने का आश्वासन देते हुए पालिका की ताला बंदी खुलवाई। इस मौके पर पालिका उपाध्यक्ष अशोक सैनी, नरपत सिंह, पार्षद मिंटू शर्मा, प्रतिनिधि मनीष निमोरिया, संजय सैन, विजय गुप्ता, गिरधारी शर्मा, कमली देवी, शहनाज बानो, सांवरमल बंसल, मोठू गढवाल, महेंद्र रेगर, महेंद्र वर्मा, मुकेश सोलंकी, श्याम सिंह शेखावत, प्रतिनिधि जगदीश ओला, प्रतिनिधि महिपाल सिंह सहित वार्ड पार्षद व ग्रामीण मौजूद रहे।

### नगर पालिका का घेराव किया

**चाकसू, (निसं)।** नगर पालिका परिक्षेत्र में व्याप्त गंदगी, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी व अन्य मुद्दों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने बुधवार को 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत चाकसू के पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण बैरवा के नेतृत्व में नगर पालिका कार्यालय का घेराव करते हुए नारेबाजी की।

इस दौरान भाजपाई महिलाओं व कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय के बाहर पहुंच कर बेहाल सफाई व्यवस्था, करोड़ो रुपए सालाना सफाई व्यवस्था में खर्च होने के बावजूद शहरवासियों का गंदगी में रहना, चाकसू शहर कूड़े के ढेर में तब्दील होना, सफाई के टेंडरों में भ्रष्टाचार, नगर पालिका क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की स्थिति, नालों की सफाई के नाम पर लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी नाले गंदगी से ज्यों के त्यों अटे पड़े रहना, नगर पालिका द्वारा शहर के सौंदर्यकरण के लिए लगाए गए पोल व लाइटों में भ्रष्टाचार, सौंदर्यकरण के लिए लगाए गए पौधों में भ्रष्टाचार, शहर में नगर पालिका के मुख्य रास्ते की सड़कों का टूटा हुआ होना, बरसात के समय में पानी भर जाना व शहर की कई सड़कों का जलमग्न होने से दुर्घटनाएं होना आदि नारे लगाते हुए विरोध विरोध प्रदर्शन किया। इसी दौरान लाल डायरी कहा मिलेगी नाथी तेरे बाड़े में नारे लगाते हुए लाल डायरी का जिक्र भी किया गया। प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उमा शर्मा, पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण बैरवा आदि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### शहीदों को श्रद्धांजली दी




**मालपुरा, (निसं)।** भारत पाकिस्तान के बीच वर्ष 1999 में हुये कारगिल युद्ध में शहीद हुये शहीदों की याद में बुधवार को शहीद स्मारक पीनणी रोड पर पूर्व सैनिक कल्याण समिति की ओर से श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी व पूर्व सैनिकों तथा शहर के गणमान्य नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजली दी। विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि, आज देशवासी खुली हवा में आजादी की सांस ले रहे हैं। इसी आजादी व तिरंगे की आन-बान व शान के लिए भारतीय जवानों ने हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर किये हैं। उन्हीं शहीदों की याद में शहीद स्मारक पर शहीद भवन व 111 फीट ऊंचा तिरंगा पहराया जायेगा। विधायक के इस आश्वासन व देश प्रेम पर पूर्व सैनिकों सहित युवाओं ने वंदे मातरम के जयघोष लगाते हुए शहीदों को याद किया। पूर्व सैनिक अब्दुल रऊफ, श्रीराम चौधरी, रामलाल फौजी, कैप्टन सूरजकरण सहित युवाओं ने शहीदों को श्रद्धांजली दी।

### सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज

**बहरोड़/भिवाड़ी, (निसं)।** जिला पुलिस भिवाड़ी के मांढण थाना क्षेत्र के मेहतावास की महिला के घर में बुरी नियत से रात्रि 2 बजे घुसे मेहतावास सरपंच के साथ शराब के नशे में तीन पुलिस कर्मियों द्वारा चौबारे में चढ़कर बच्चों सहित सो रही महिला से अभद्र व्यवहार एवं छेड़छाड़ करते गाली गलौज तथा शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला पुलिस द्वारा दर्ज नहीं करने पर पीड़ित महिला ने महिला आयोग राजस्थान एवं राष्ट्रीय महिला आयोग दिल्ली के नाम शिकायत लिखकर एसपी ऑफिस भिवाड़ी में पुलिस अधीक्षक से मामला दर्ज कराने की गुहार लगाने ताऊ ससुर के साथ पहुंची। मोना पत्नी कपिल नाई निवासी मेहतावास ने बताया कि गांव का सरपंच कुलदीप पुत्र काशीराम शराब के नशे में जीने से चौबारे में तीन पुलिसकर्मी साथ लेकर दरवाजे को धक्का मार कर खुलवाकर चोर छुपने के ब्लेम से कमरे की तलाशी में बुरी नियत से छेड़छाड़ करते तीनों पुलिस वालों को भी अंदर आए तो ताऊ ससुर को जोर से आवाज लगाने पर घबरा कर चारों नीचे उतरकर धमकी दी कि कुछ कहा तो जान से मार देंगे। वहीं आवाज सुनकर आए ताऊ ससुर को देखकर पूछने पर वह लोग बिना बताए चार आदमी थे चले गए और गालियां दी। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी ने बताया कि मामले में थानाधिकारी को अवगत करा दिया गया है। थाने में जाने पर मामला दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

### ग्रामीणों ने एस.पी. को ज्ञापन दिया

**टोंक, (निसं)।** जिले की निवाई उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ा गांव के ग्राम मेधारकला निवासी कजोड़ गुर्जर पुत्र बीरबल गुर्जर उम्र 37 साल के गायब होने पर गुमशुदगी रिपार्ट पुलिस थाना बरोनी में दर्ज होने के एक साल बाद बाद भी पुलिस कजोड़ गुर्जर को नहीं ढूंढने व संदिग्ध लोगों से पूछताछ करने में लापरवही बरत रही है। इस मामले में बुधवार को परिजनों सहित ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर युवक के लापता होने के पीछे गजानंद गुर्जर, धनपाल गुर्जर निवासी करीरिया का हाथ बताते हुये इनसे पूछताछ कर युवक का पता लगाने की मांग की है। ज्ञापन में लोगों ने एसपी को बताया कि पीडित परिवार द्वारा पुलिस थाना बरोनी व पुलिस चौकी सिरस पर कई चक्कर लगाने के बाद भी वहा से कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया जा रहा है।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**राजगढ़, (निसं)।** पुलिस थाना क्षेत्र के मून पुर ग्राम के पास बुधवार अल सुबह कार चालक ने तेजी व लापरवाही से युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई। युवक घर से स्टैंड की ओर चाय पीने आया था। आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार कि मूनपुर निवासी लक्ष्मी नारायण मीणा ने दर्ज कराया कि उसका पुत्र मनीष 22 वर्ष बुधवार प्रातः स्टैंड की तरफ चाय पीने आया था। इस दौरान राजगढ़ की ओर से आ रही कार चालक ने असंतुलित होकर उसके पुत्र को टक्कर मार दी। पुलिस ने मृतक के शव का राजगढ़ सीएचसी मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी।

### भारी वाहनों की नो-एन्ट्री की मांग

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली के डाबला रोड पर नो-एंट्री की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के सहयोग से गुरुवार सुबह 10 बजे से डाबला रोड पर सैनी धर्म कांटे के सामने धरना शुरू किया जाएगा।

धरने को डॉ अंबेडकर विचार मंच एवं नगर व्यापार महासंघ व दक्ष प्रजापति समाज ने समर्थन दिया है। बुधवार को डाबला रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संयोजक राधेश्याम शुक्लावास ने बताया की डाबला रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही रहने से जहां दिनभर धूल उड़ती रहती है, वहीं आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बावजूद प्रशासन मौन है, इसको लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि डाबला रोड के व्यापारियों ने गुरुवार को एक दिन अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर समर्थन देने का आह्वान किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोगों की भारी भीड़ रही है तथा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मैथिलीशरण बंसल व एडवोकेट अशोक सैनी, दक्ष प्रजापति सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश कुमावत, राजेंद्र चौधरी, पूर्व पार्षद पूरणमल सैनी, पूर्व पार्षद बंटी सैनी आदि वक्ताओं ने कहा कि डाबला रोड भारी वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी होने के बावजूद आदेश की पालना नहीं हो रही है।

# विधायक इंद्राज गुर्जर के जन्मदिन पर कई कार्यक्रम हुए


कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने विधायक इंद्राज गुर्जर को 51 किलो की माला पहनाकर बधाई दी।

- हजारों की संख्या में पहुंचकर समर्थकों ने बधाई दी

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर के 40वें जन्मदिन के अवसर पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व जन प्रतिनिधियों, समर्थकों व ग्रामीणों के नेतृत्व में पावटा स्थित राज आंगन गार्डन में बड़ी ही धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया।

जिसमें सबसे पहले विधायक इंद्राज गुर्जर ने अपने जन्मदिवस के दिन का प्रारंभ कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं सहित प्रागपुरा कस्बे की श्री कृष्ण गौशाला में गौवंश को चारा व दलिया खिलाकर किया। वहीं विधायक इंद्राज गुर्जर के 40वें जन्मदिन के अवसर पर जगह जगह उनका माला व साफा पहनाकर, भव्य पुष्प वर्षा, रैली निकालते हुए स्वागत किया। वहीं इस दौरान समर्थकों द्वारा रक्तदान शिविर व स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। जहां कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं व अन्य पुरुषों व महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर बाइक रैली, तिरंगा रैली के साथ डीजे पर थिरकते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे व पूरे जोश व उत्साह से रक्तदान कर विधायक इंद्राज गुर्जर को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी।

शाहपुरा विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी मनीष यादव के मुख्य आतिथ्य में इंद्राज गुर्जर का 51 किलो की माला पहनाकर व उनके विधायक बनने के बाद के सफर की कुछ छाया चित्रों की एक फोटो भेट कर भव्य स्वागत किया गया। वहीं कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं द्वारा विधायक इंद्राज गुर्जर से केक कटवाए गए जिन पर विधायक गुर्जर का अलग अलग नाम जन सेवक, विकास पुरुष, सबके चहेते, लाडले, आन बान शान अंकित था।

वहीं पूर्व उप मुयमंत्री सचिन पायलट ने विधायक इंद्राज गुर्जर के जन्मदिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित की। कांग्रेस प्रदेश सचिव अनिल चोपडा, उप जिला प्रमुख मोहन डागर, कांग्रेस नेता राजेश चौधरी, राजस्थान विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ महासचिव महावीर गुर्जर, महाराजा कॉलेज अध्यक्ष, संदीप गुर्जर सहित वक्ताओं ने कहा कि विधायक इंद्राज गुर्जर लोकप्रिय विधायक है। जो जनता के दिलो मे राज करते है। वहीं विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि, जीवन में दान हजारों प्रकार के होते हैं लेकिन उनके जन्मदिन पर जो रक्त का दान किया गया है वह इस दुनिया का सबसे बडा दान है। उसके लिये वे विराटनगर क्षेत्र की जनता के सदैव कृतज्ञ रहेंगे और सदैव जनता के हित के लिये तत्पर रहेंगे। विधायक ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए नियमित समयानुसार रक्तदान करने की अपील की। वहीं विधायक इंद्राज गुर्जर ने क्षेत्र की जनता व समर्थकों व कांग्रेस सदस्यों के इस स्नेह पर खुशी जाहिर कर कहा कि मैं आप सभी की शुभकामनाओं व स्नेह का हृदय से आभारी हूं। क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है। ऐसे ही क्षेत्र और जनता की सेवा के लिए समर्पित रहूंगा।

# गहलोत सरकार का फेल कार्ड बांटा

**टोंक, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा "नहीं सहेगा राजस्थान" कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत एफआईआर कैम्प मुखर्जी मंडल द्वारा पटेल सर्किल टोंक पर आयोजित किया गया। इस कैंप में आमजन की समस्याओं को सुना गया एवं उसकी शिकायत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता को गहलोत सरकार का फेल कार्ड भी दिया गया।

इस फेल कार्ड में सरकार के जनविरोधी कार्यो व चुनावी घोषणा पत्र की नाकामियों का उल्लेख है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की व सरकार के लाल डायरी से पर्दा उठाने की मांग की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराना ने कहा कि इस अभियान के तहत गांव गांव ढाणी ढाणी में गहलोत सरकार की नाकामियों को उजागर करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार के एक मंत्री ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए तो उसे रातों-रात बर्खास्त कर दिया। कांग्रेस राज में महिला विधायक तक सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता सरकार से क्या उम्मीद कर सकती है? इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर, सतीश चंदेल, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, मण्डल अध्यक्ष राजेश शर्मा, बीना छामुनिया, नीलिमा आमेरा, पूर्व जिला मंत्री संजय संघी, जिला मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, आई टी संयोजक लोकेश गुप्ता, रामनारायण यादव, मंडल महामंत्री रामावतार कीर, महावीर शर्मा, तोसिफ खान, अंजली गुप्ता, मंत्री गणेश गोयल, विवेक झमरवाल, नारायण सेन, रामदास साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष कमलेश यादव, एससी मोर्चा अध्यक्ष देवा लाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता सेन, अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष आलम जेब, जुली शर्मा, राजेश यादव, हनुमानसैनी, गंगा सहाय शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### कृषक उपहार कूपनों की लॉटरी आज

**चौमूं/ कालाडेरा, (निसं)।** केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई ई - नाम योजना को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई कृषक उपहार योजनान्तर्गत ई - नाम पोर्टल पर विक्रय पर्ची एवं ई - भुगतान प्राप्त करने वाले किसानों का चयन लाटरी के माध्यम से कृषि उपज मंडी समिति के सभाकक्ष में 27 जुलाई को दोपहर 3 बजे किया जायेगा। योजना का लाभ दिनांक 1 जनवरी 2023 से लेकर 30 जून 2023 तक जारी कृषक उपहार कूपनों की लॉटरी निकाली जाएगी। जिसमें चौमूं मंडी स्तर पर विक्रय पर्चियों पर जारी कूपनों एवं ई - भुगतान पर जारी कूपनों पर पृथक - पृथक पुरस्कार दिए जायेगें जिसमें प्रथम पुरस्कार 25 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे।

# कोटपुतली में ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

- 306 प्रतिभागियों ने 16 प्रतियोगिताओं में लिया भाग

**कोटपूतली, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा युवा मामले एवं खेल विभाग व राजस्थान युवा बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश भर में राजस्थान युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इसी के तहत बुधवार को कस्बा स्थित राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय में ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव एवं प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर महोत्सव का आगाज किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विधार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना बेहद आवश्यक है। खेल मंत्री अशोक चांदना व बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लाम्बा के प्रयासों से शुरू किया गया यह आयोजन अद्भूत है। जहाँ विधार्थियों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चाहते है कि प्रदेश के विधार्थी व युवा अपनी संस्कृति को पहचाने, इसी के तहत यहाँ से विजयी होने वाले प्रतिभागी जिला व राज्य स्तर पर भी प्रतिनिधित्व करेगें। इस दौरान सभापति प्रतिनिधि दुर्गाप्रसाद सैनी, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, ओएसडी शुभम चौधरी, एसडीएम सूर्यकान्त शर्मा, डीएसपी मदन लाल जैफ, तहसीलदार अभिषेक सिंह, स्काउट गाइड प्रधान मनोज चौधरी, प्रधानाचार्या मनोरमा यादव, एसीबीईओ भागीरथ मीणा, दयाराम चौरडिया समेत अन्य मौजूद थे। संचालन जितेन्द्र यादव ने किया। इससे पूर्व अतिथियों का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधार्थियों ने एक से एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

सीबीईओ रामसिंह यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में 306 प्रतिभागियों ने 16 प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिन्हें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर पुरूस्कार प्रदान किये गये। विजयी प्रतियोगियों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ती पत्र भेंट किये गये।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन किया


विराटनगर के रामपुरा गांव में भाजपा नेत्री रत्नाकुमारी ने अमर शहीद मुकेश बुनकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वीरांगना बीना देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

**जयपुर, (निसं)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विराटनगर के रामपुरा गांव में भाजपा नेत्री रत्नाकुमारी ने अमर शहीद मुकेश बुनकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर कर उन्होंने वीरांगना बीना देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

रत्नाकुमारी ने बताया कि, कारगिल विजय दिवस देश के जांबाज

- वीर सपूतों की शहादत का राष्ट्र हमेशा ऋणी रहेगा : रत्नाकुमारी

सैनिकों के अद्भुत साहस और पराक्रम का प्रतीक है। देश की हिफाजत के लिए कई वीर सपूतों ने कुर्बानी दी। विराटनगर के रामपुरा गांव के वीर सपूत मुकेश बुनकर ने शहादत देकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करते हुए विराटनगर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। कारगिल विजय दिवस के सुअवसर पर वीरांगना बीना देवी और शहीद परिवार को सम्मानित करते हुए हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। रत्नाकुमारी ने कहा कि देश की सेना लगातार सशक्त और मजबूत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस अवसर पर रत्नाकुमारी ने स्थानीय लोगों के साथ शहीद स्थल की साफ-सफाई की। कार्यक्रम के दौरान शहीद के पिता पूर्व सरपंच रामसहाय बुनकर, माता कमला देवी, बिरदीचन्द बल्लीवाल, रुडमल श्योराण, रतन शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, शहीद के भ्राता विकासचंद बुनकर सहित कई महिलाएं एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

### श्रीदुर्गा माता मंदिर का वार्षिकोत्सव

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत अमाई की ढ़ाणी सैमाला स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर का वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस मौके पर विशाल कलश यात्रा, हवन व जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं विशाल भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने कहा कि समाज में जब आपसी एकजुटता होती है तो कोई भी व्यक्ति आपके अधिकारों का हनन नहीं कर सकता। इस प्रकार के सामाजिक व धार्मिक आयोजन आपसी भाईचारे व सौहार्द को बढ़ावा देते है। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज को सत्कर्म की प्रेरणा मिलती है। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में पार्षद तारा पूतली ने शिरकत करते हुए 31 हजार रूपयों की राशि दुर्गा माता के चरणों में भेंट की। कार्यक्रम में अनिल चंदेला एण्ड पार्टी द्वारा माता के भजन प्रस्तुत किये गये। इस दौरान जजपा प्रदेश प्रधान महासचिव रामनिवास यादव, मुकेश सरपंच, बनवारी हवलदार, रामप्रसाद, शंकर, कृष्ण सरपंच समेत अन्य मौजूद थे।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया


टोंक जिला कांग्रेस कमेटी ने मणिपुर में हुई घटना को लेकर जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन पेश किया गया।

**टोंक, (निसं)।** जिला कांग्रेस कमेठी ने जिला कलेक्टर टोंक को मणिपुर में हुए महिलाओं, आदिवासियों व अल्पसंख्यकों पर अत्याचार को लेकर केन्द्र सरकार द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं किये जाने को लेकर जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन पेश किया गया।

ज्ञापन में बताया कि, केन्द्र सरकार पिछले दो माह से मौन बैठी हुई है और मणिपुर जलता रहा, महिलाओं पर दरिंगदी के साथ अत्याचार किये गये और दलित व आदिवासियों के घर जलते रहे। इस काण्ड पर केन्द्र सरकार द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं किये जाने पर पूरा देश आक्रोशित व आंदोलित है। ज्ञापन के माध्यम से हम अपील करते हैं की आप सम्पूर्ण मांग के पक्ष में केन्द्र सरकार के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें।

ज्ञापन देने वालों में प्रशान्त शर्मा प्रदेश महासचिव व टोंक प्रभारी, अनिल चौधरी, प्रभारी टोडारायसिंह-मालपुरा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि भाई हरि, सउद सईदी, नगरपरिषद सभापति अली अहमद, प्रधानपति हसंराज फागणा, ओबीसी जिलाध्यक्ष पंकज यादव, सेवादल महासचिव सुभाष मिश्रा, नईमद्दीन अपोलो, अरसद चिश्ती, सुनिल बंसल, दिनेश चौरसिया, जर्रार खान, सरताज अहमद, शकिल मियां, कैलाश सैनी, सीताराम सैनी, आमिर फारूकी इत्यादि कार्यकर्ता शामिल रहें।